मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-181
12/06/2019

मुख्यमंत्री के समक्ष ऊर्जा विभाग का प्रस्तुतीकरण

पटना, 12 जून 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने ऊर्जा विभाग के अंतर्गत पांच बिंदुओं एग्रीकल्चर कनेक्शन, सोलर पंप, प्रीपेड मीटर, सोलर इनिसिएटिव और डी0बी0टी0 पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि एग्रीकल्चर कनेक्शन लेने वाले इच्छुक किसानों की संख्या जो बतायी गयी है, इसका ठीक से आकलन करवा लें। जो भी किसान एग्रीकल्चर कनेक्शन लेना चाहते हैं, इसके लिए 25 जून तक सभी से आवेदन ले लें। इसका प्रचार–प्रसार टी0वी0, समाचार–पत्रों एवं रेडियो के माध्यम से करवायें ताकि किसानों को जानकारी मिल सके। किसानों को तय समय सीमा के अंतर्गत कनेक्शन दे दिया जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में जो भी समस्यायें आ रही हैं, उसके लिए आधिकारिक स्तर पर बैठक कर इसमें तेजी लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को डीजल से पटवन करने में 100 रुपए का खर्च आता था, वहीं बिजली से पटवन करने पर 5 रुपए का खर्च आएगा। इस बात को जानकर किसानों में काफी प्रसन्नता है। प्रीपेड मीटर लगाने के लक्ष्य को भी तय समय सीमा के अंदर प्राप्त करने के लिए मुख्य सचिव स्तर पर बैठक कर कार्य प्रगति की समीक्षा करें। जर्जर तारों को बदलने के लक्ष्य को भी समय सीमा के अन्दर प्राप्त करने के लिये तेजी से कार्य करें।

प्रस्तुतीकरण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष से सभी सरकारी भवनों और सरकारी कार्यालयों में सोलर प्लेट लगाये जायेंगे। लोगों को इस बात के लिए प्रेरित करने की जरुरत है कि तालाबों के ऊपर, वेट लैंड में भी सोलर प्लेट लगायें। उन्होंने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए भी हमलोगों को काम करना होगा।

बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव श्री चंद्रशेखर सिंह सहित ऊर्जा विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******